आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–15 जनवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ है अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाना और सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के हित में काम कर रही है। नई दिल्ली के संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कही।

भारत में डेमोक्रेसी का अर्थ लास्ट माइल्ड डिलीवरी है। हम एक लोक कल्याण की भावनाओं से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रहे हैं और इसी लोक कल्याण की भावना के कारण बीते कुछ वर्षों में भारत में 25 करोड लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश ने विविधता को अपनी ताकत बनाया और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा।

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय संसद के सात दशकों से अधिक के सफर में, जन–केंद्रित नीतियों और कल्याणकारी कानूनों के निर्माण के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाया गया है।

****

आज अठहत्तरवां सेना दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर भारतीय सेना के साहस और अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। अपने संदेश में श्री मोदी ने कहा कि सैनिक निस्वार्थ सेवा के प्रतीक हैं, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प के साथ देश की रक्षा करते हैं।

मातृभूमि की सेवा का यह अवसर बड़े सौभाग्य से मिलता है। आपकी ये अटल इच्छा–शक्ति, आपका यह अथाह शौर्य देश जब आपको देखता है। तो उसे सुरक्षा और शांति की गारंटी दिखाई देती है। दुनिया जब आपको देखती है। तो उसे भारत की ताकत दिखाई देती है। ये है मेरी सेना का, मेरे सुरक्षा बलों का पराक्रम।

****

बहुजन समाज पार्टी–बसपा अध्यक्ष और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज घोषणा की है कि उनकी पार्टी देश भर में सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। अपने सत्तरवें जन्मदिन पर लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता के दौरान मायावती ने कहा कि पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि सभी छोटे–बड़े चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ना ही उचित होगा और वह किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

****

मकर संक्रांति का पर्व आज दूसरे दिन भी उल्लास और उत्साह के वातावरण में मनाया जा रहा है। प्रयागराज, अयोध्या और वाराणसी सहित कई जिलों में श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान कर दान पुण्य कर रहे हैं। आज से ही करीब एक माह तक चलने वाला गोरखपुर का प्रसिद्ध खिचड़ी मेला भी शुरू हो गया। वहां गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज तड़के गुरू गोरक्षनाथ को आस्था की खिचड़ी अर्पित की। एक रिपोर्ट–

गोरखपुर में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह 4 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाई। इसके बाद से श्रद्धालुओं के लिए कपाट खोल दिए गए । गोरखनाथ मंदिर में जयकारों के साथ काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी अर्पित कर रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर

गोरक्ष पीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशवाणी के माध्यम से प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं।

मैं सभी श्रद्धालु जनों को उत्तर प्रदेशवासियों को मकर संक्रान्ति की ह्रदय से बधाई देता हूँ। जगत पिता सूर्य की उपासना का यह पर्व सभी के लिए शुभ हो मंगलकारी हो ये मेरी कामना है। भारत के पर्व और त्यौहारों के परंपरा में मकर संक्रांति का पर्व एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व के रूप में मनाया जाता है। अगर आप पूर्वी भारत में जाएंगे असम में बिहू के रूप में, अगर आप पंजाब में जाऐंगे लोहड़ी के रूप में, दक्षिण में जाऐंगे तो पोंगल के रूप में और उत्तर में आऐंगे तो यह मकर संक्रान्ति का पर्व खिचड़ी त्यौहार के रूप में मनाया जाता है।

****

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के उपयोगकर्ता अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई चैटबॉट ग्रोक की मदद से लोगों की तस्वीरों को आपत्तिजनक ढंग से एडिट नहीं कर पाएंगे। एक रिपोर्ट–

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने बताया कि ऐसी फोटो बनाने की कोशिश करने वाले उपयोगकर्ताओं को स्थानीय कानूनों के अनुसार ब्लॉक कर दिया जाएगा। ग्रोक अभी भी आर–रेटेड फिल्मों के अनुरूप काल्पनिक वयस्कों की तस्वीरें एडिट करने की अनुमति देगा, लेकिन वास्तविक लोगों की तस्वीरें अश्लील रूप से एडिट नहीं की जा सकेंगी। समाचार कक्ष से वैष्णवी।

****

प्रदेश के कई जिलों में आज भी निकली धूप के बावजूद गलन भरी ठंड जारी है। मौसम विभाग ने कल और सत्रह जनवरी को प्रदेश में कुछ स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा।

****